प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश समेत नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ : अगले साल 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का होगा प्रकाशन।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में विरासत गलियारा क निर्माण कार्यों का लिया जायजा : कहा–गोरखपुर को स्मार्टसिटी के साथ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक केंद्र बनाना है सरकार का लक्ष्य।
3. प्रदेश में कल लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेला और देव दीपावली को लेकर प्रशासन ने किए व्यापक इंतजाम : वाराणसी में 10 मिनट तक होगा ग्रीन फायर क्रैकर शो का आयोजन। और
4. 21 चीनी मिलों में पेराई कार्य शुरु होने के साथ पेराई सत्र 2025–26 का प्रारंभ : सरकार ने गन्ना मूल्य का नियमानुसार भुगतान करने के लिए चीनी मिलों को दिए निर्देश।

———————

निर्वाचन आयोग ने आज विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर. अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत की। इस अभियान के तहत उत्तर प्रदेश समेत नौ राज्यों और तीन

केंद्र शासित प्रदेशों के 51 करोड़ मतदाताओं का पुनरीक्षण किया जाएगा। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रदेश में एसआईआर अभियान 1,62,486 बूथों पर शुरू हो गया है। राज्य में वर्तमान में लगभग 15.44 करोड़ मतदाता हैं। गणना का चरण 4 दिसंबर तक चलेगा। 9 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। अगले साल आठ जनवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जाएंगी। 9 दिसंबर से 31 जनवरी, 2026 तक सुनवाई और सत्यापन होगा। बूथस्तर के अधिकारी वर्तमान पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। इन फॉर्म में उनके वर्तमान मतदाता विवरण शामिल हैं। अगर उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में भी था, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं है। मतदाता सूचियों का व्यापक पुनरीक्षण 7 फरवरी–2026 को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ समाप्त होगा। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सात नवंबर को प्रस्तावित दो दिवसीय वाराणसी दौरे के मद्देनजर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बाबतपुर से लेकर बरेका तक के मार्ग को दुरुस्त किया जा रहा है। वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने बताया कि प्रधानमंत्री आठ नवंबर को काशी को आठवीं वंदेभारत ट्रेन की सौगात देंगे। बाइट.......

*मंत्री जी द्वारा 7 तारीख की आगमन है। यहां वाराणसी आएंगे फिर अगले दिन सुबह मडवाडी रेलवे स्टेशन से वंदे भारत का जो हरी झंडी दिखाकर वहां से वंदे भारत की रवानगी होगी। उस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद उनकी वापसी होगी।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में शहर के विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिक्स लेन फ्लाई ओवर परियोजना और विरासत गलियारा के निर्माण कार्य का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तेजी से और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि गोरखपुर न केवल एक स्मार्ट सिटी बने, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी आकर्षण का केंद्र बन। विरासत गलियारा परियोजना 555 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से बन रही है।

———————

प्रदेश में कल लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेला, गुरुनानक जयंती और देव दीपावली को लेकर प्रशासन की तरफ से व्यापक इंतजाम किए गए हैं। देव दीपावली को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर आज वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम और ज़िलाधिकारी सत्यंद्र कुमार ने राजघाट और नमों घाट का जायज़ा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। देव दीपावली पर करीब 10 मिनट तक ग्रीन फायर क्रैकर शो का आयोजन किया जाएगा। एक रिपोर्ट.....

*देव दीपावली अब केवल रोशनी के महाकुंभ की छटा निहारने काफी संख्या में विदेशी शहर में आ चुके हैं,विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली पर इस बार काशी में फिर से दिव्यता, भव्यता और आधुनिकता का अद्भुत उदाहरण दिखाई देगा। घाटों पर लाखों दीपों की रोशनी, लेजर शो और कोरियोग्राफ ग्रीन क्रैकर्स शो पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मुग्ध करेंगे। शिव भजनों की धुन पर करीब 10 मिनट तक चलने वाला ग्रीन एरियान फायर क्रैकर शो रात 8बजे शुरू होगा। करीब एक हजार फीट लंबी रेत के स्ट्रेच–पर होने वाली आतिशबाजी के पटाखे 200 मीटर ऊंचाई तक रोशनी बिखेरेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

———————

वहीं अमरोहा के गंगाधाम तिगरी में भी कार्तिक पूर्णिमा मेला को लेकर प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।पेश है एक रिपोर्ट.....

*अमरोहा के गंगाधाम तिगरी में हर वर्ष लगने वाला ऐतिहासिक राजकीय कार्तिक पूर्णिमा मेला अपने चरम पर है। आज शाम सूर्य ढलते ही आठ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए दीपदान किया। कल भोर से ही लाखों श्रद्धालु गंगा में पवित्र डुबकी लगाएंगे ज़िला प्रशासन ने इस बार 40 लाख श्रद्धालुओं के स्नान करने की उम्मीद जताई है। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे मेला क्षेत्र को 6 ज़ोन व 21 सैक्टर में बांटकर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। एक कोतवाली और 66 पुलिस चौकियां बनाई गई हैं। भीड़ के मद्देनजर नेशनल हाईवे पर रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। मरगूब हुसैन, आकाशवाणी समाचार, अमरोहा।*

गोरखपुर, बलिया, फर्रुखाबाद में भी प्रशासन ने मेले के दृष्टिगत विशेष इंतजाम किये हैं।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश सरकार ने राइस मिल उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तथा नॉन हाइब्रिड धान की कुटाई को प्रोत्साहित करने के लिए इसके रिकवरी प्रतिशत में 01 प्रतिशत की छूट प्रदान की है। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज लखनऊ मं मीडिया से बात करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे राइस मिलों में कार्यरत लगभग 2 लाख लोगों के रोजगार में सुदृढ़ता आएगी तथा राईस मिलों से जुड़े अनुमानित 13 से 15 लाख किसान लाभान्वित होंगे। बाइट....

*नया निर्णय सरकार ने यह लिया है कि जो मोटा धान है उस धान के ऊपर भी 1: की छूट सरकार देने जा रही है, जिससे हमारे किसान भी लाभान्वित होंगे कि उनका भाव बढ़ेगा और साथ–साथ हमारे धान के मिल वाले वह भी उत्साहित होकर जो कूटने के लिए धान लेंगे उनको भी इस बात के लिए राहत मिलेगी।*

——————————

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी आज महराजगंज में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के

तहत सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

———————

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को शुरू किए गए जी.एस.टी. उत्सव के अंतर्गत लागू की गई संशोधित दरों से देशभर में लोगों को कई क्षेत्रों में लाभ हो रहा है। इस कडी में हम आज चर्चा कर रहे हैं कम दरों से स्वास्थ्य क्षेत्र में नागरिकों को हुए लाभों की। एक रिपोर्ट.....

*नए जीएसटी सुधारों के तहत स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में करों में बड़ी कटौती हुई है। सरकार ने आवश्यक दवाओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही 33 जीवन रक्षक दवाओं को भी पूरी तरह से कर मुक्त कर दिया गया है, चिकित्सा उपकरणों जैसे गोज, पट्टियां, डॉयग्नोस्टिक किट और थर्मामीटर पर भी अब 12 प्रतिशत की जगह पांच प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। कर में इस कटौती से जांच और उपचार सेवाओं की लागत में कमी आई है। इसके अलावा स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को भी कर मुक्त कर दिया गया है, जिस पर पहले 18 प्रतिशत टैक्स लगता था। सौम्य शरण के साथ आदर्श, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————

प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि के बाद वर्तमान पेराई सत्र 2025–26 का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने बताया कि प्रदेश की 53 चीनी मिलों ने गन्ना खरीद के

लिये इण्डेन्ट जारी कर दिया है। जिसमें से 21 चीनी मिलों में पेराई कार्य प्रारंभ हो चुका है। 32 चीनी मिलों द्वारा पेराई कार्य शुरू करने की समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर गन्ना खरीद के लिये इण्डेंट जारी कर दिया है। इन चीनी मिलों का संचालन भी अगले कुछ दिनों में शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि कुल 122 में से बाकी बची 69 चीनी मिलें भी शीघ्र ही संचालित हो जाएंगी। गन्ना आयुक्त ने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र 2025–26 के देय गन्ना मूल्य का नियमानुसार त्वरित भुगतान करने के लिए चीनी मिलों को निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं।

——————————

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सोनभद्र जिले में स्थित सलखन जीवाश्म पार्क को यूनेस्कों की विश्व धरोहर स्थलों की स्थायी सूची में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यूनेस्कों की विश्व धरोहर स्थल की स्थायी सूची मे शामिल होने से इसकी वैश्विक पहचान और महत्व बढ़ेगा तथा पर्यटन के साथ–साथ वैज्ञानिक शोधों को भी बढ़ावा मिलेगा।

(समाप्त)